www.samaylive.com
राष्ट्रीय सहारा
सच कहने की हिम्मत
राष्ट्रीयता • कर्त्तव्य • समर्पण
पुर • देहरादून • वाराणसी से प्रकाशित
नई दिल्ली । शुक्रवार • 30 नवम्बर • 2012

अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी एक से

ग्रेटर नोएडा । नॉलेज पार्क स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) में एक दिसम्बर से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। लाइब्रेरी एंड इंफारमेशन प्रोफेशनल्स विषय में आयोजित होने वाले सार्क सम्मेलन का आयोजन पहली बार भारत के बिमटेक इंस्टीट्यूट में किया जाएगा। इसमें सार्क देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह जानकारी संस्थान के निदेशक डा. हरिवंश चतुर्वेदी ने दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में सार्क देशों (पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीप, भूटान, नेपाल व भारत) के अलावा अन्य देशों के भी प्रतिनिधि आ रहे हैं। करीब 250 प्रतिभागियों के आने की उम्मीद है। लाइब्रेरी में क्या बदलाव हो रहा है और क्या संभावनाए हैं। इस पर चर्चा की जाएगी। प्रो. आभा ऋषि ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सर्वोच्च न्यायालय की जज ज्ञान सुधा मिश्रा व विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय ज्ञान आयोग के सदस्य डा. के.के बनर्जी होंगे।